AJIT SETH

मंत्रिमंडल सचिव
CABINET SECRETARY
NEW DELHI

सत्यमेव जयते

संदेश

भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है । सन् 1949 में इसी दिन हमारी संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी बहुत ही सरल, सहज एवं समृद्ध भाषा है । सभी प्रांतीय भाषाओं का समान आदर करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं संस्कृति को बनाए रखने में हिंदी भाषा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्र की प्रमुख संपर्क भाषा के रूप में भी हिंदी सामने आ रही है ।

सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। मेरे विचार से हिंदी में काम करना बहुत आसान है। बेहतर होगा यदि अधिकारी/कर्मचारी अधिक से अधिक सरकारी कार्य मूल रूप से हिंदी में करने का प्रयास करें । बैठकों, वार्ताओं आदि में अधिकतर बातचीत हिंदी में करें। टिप्पणियां एवं पत्रादि सरल एवं सहज हिंदी में ही तैयार किए जाएं । वरिष्ठ अधिकारीगण स्वयं हिंदी अपनाकर कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए एक अनुकूल वातावरण बना सकते हैं।

आइये, आज हम हिंदी की उत्तरोत्तर प्रगति एवं विकास के लिए एकजुट होकर फिर से संकल्प लें ।

हिंदी दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितंबर, 2013

(अजित सेठ)